## एक नजर में

### कार्यक्रम में अधिक से अधिक मातृ शक्तियों से शामिल होने की अपील

**झाबुआ।** विश्वमांगल्य सभा द्वारा 27 सितंबरए शनिवार शाम 4 बजे से स्थानीय नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर के प्रथम तल पर शारदेय नवरात्रि में महिषासुर मर्दिनी स्त्रोतम का सामूहिक पठन का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए विश्वमांगल्य सभा की मप्र अध्यक्ष श्रीमती सूरज डामोर ने बताया कि नवरात्रि में यह पाठ विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। संस्था द्वारा संस्कार, सामर्थ्यए सदाचारए,सेवा आदि विषयों पर कार्य किया जाता है। नवरात्रि के पावन पर्व पर मातृ शक्तियों के लिए यह आयोजन रखा गया है। जिसमें विशेष सहयोग महिला पतंजलि योग समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। समिति की जिला प्रभारी सुश्री रुक्मणी वर्माए संगठन मंत्री मधु जोशीए कोषाध्यक्ष ज्योति जोशीए मीडिया प्रभारी भावना टेलरए विनीता ट्रेलर, सेवाभावी सदस्य भावना जैन, मोना गिद्वानीए कविता जैन, नीता शाहए रजनी पाटीदारए शीला सक्सेनाए किरण शर्माए सीमा गहलोतए मंजू गुरनानी, ज्योति सोनीए किरण सोनीए माधुरी शाहए महेंद्र गहलोतए ललित शाहए संतोष ठाकुर आदि द्वारा शहर की समस्त मातृशक्तियों से सामूहिक पाठ में अधिकाधिक संख्या में सहभागी होने हेतु अपील की गई है। साथ ही इस दौरान रंगारंग गरबा आयोजन के लिए भी सभी महिलाओं को आमंत्रित किया है।

### सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को वित्तीय सहायता

**झाबुआ।** सहायक संचालक उद्यान ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना ;पीएम एफ्एमईद्ध संचालित है। योजना अन्तर्गत जिले के पूर्व वर्षो में व्यक्तिगत इकाईयां एवं समूह श्रेणी की इकाईयां स्थापित कराई गई जिनकों सिंगल क्लिंक के माध्यम से अनुदान राशि का भुगतान वर्ल्ड फूड इंडिया के उद्घाटन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 सितम्बर 2025 को सायं 6रू00 बजे से किया गया है। जिसमें जिले के पीएमएफ्एमई योजना अन्तर्गत लाभांवित लगभग 40 हितग्राहियों को जिले का एनआईसी केन्द्र में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम जोड़ा गया। साथ ही विभाग के सभी विकास खण्ड के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी एवं मैदानी अधिकारी उद्यमियों के साथ उपस्थित रहें।

### सारंगी पुलिस की कार्रवाई खेत से किए गांजे के पौधे जब्त




**सारंगी.** मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी सारंगी एवं थाना पेटलावद की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोटडा चौकी सारंगी में एक घर पर दबिश दी गई जहां सुखा कर रखा गया गांजा मिला साथ ही आरोपी द्वारा गांजे की खेती भी की जा रही थी आरोपी नन्दु पिता नानुराम भूरिया ;उम्र 52 वर्षद्धए निवासी ग्राम कोटडा को मौके से गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरुद्ध एनण्डीण्पीण्एसण् एक्ट में अपराध पंजीबद्ध किया गया जांच के दौरान 25 किलो से भी अधिक 1ए80ए000६ कीमत का गांजा जप्त किया गया उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पेटलावद निर्भयसिंह भूरियाए उनि दीपक देवरेए उनि गोवर्धन मकवाना सहित समस्त पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई.

### स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ



**मेघनगर .** शुक्रवार को सांसद अनिता नागरसिंह चौहान भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर भाजपा नेता जनप्रतिनिधियों ने नगर में व्यापारी बन्धुओ से जीएसटी घटने पर केन्द्र को मोदी सरकार ने जनता को दिपावली का उपहार दिया को लेकर संवाद किया व्यापारी बन्धुओ सहित आमजन ने मोदी सरकार को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त कर खुशी जाहिर की । वहीं मेघनगर स्वास्थ केन्द्र मे आयोजित स्वस्थ नारी सस्क्त परिवार अभियान शिविर का शुभारंभ किया । इस अवसर पर भाजपा के जिला मण्डल पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।उपस्थित अतिथियों ने स्वास्थ केन्द्र पर शिविर का लाभ लेने पहुंचे आम जनों से भी सवांद कर सरकार की योजनाओ की जानकारी दी और जानकारी ली अतिथियों ने शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दिप प्रज्वलित कर किया ।

### सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के बच्चों को गरबा पंडाल में आरती कराई

**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग डीएमटी द्वारा संचालित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के बच्चों को नवरात्रि पर्व के अंतर्गत राजगढ़ नाका स्थित गरबा पंडाल में ले जाकर प्रथम माता की आरती कराई गई। इस दौरान बच्चों ने माता की आरती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ की। आरती उपरांत बच्चों ने गरबा खेलकर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का परिचय दिया तथा पंडाल में उपस्थित जनसमूह ने भी उनके उत्साह की सराहना की। बच्चों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रसाद ग्रहण किया और गरबे के माध्यम से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने का आनंद लिया। इसका उद्देश्य बच्चों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करना रहा। इस अवसर पर एसडीएम झाबुआ भास्कर गाचले, उप संचालक सामाजिक न्याय पंकज साँवलेए तहसीलदार सुनील डावर तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।


नवभारत
झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:
बाली न्यूज एजेंसी
(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)
मो. न.- 6260765562, 7470402906
कार्यालय -राजवाडा ( झाबुआ )






## गरबा दलों ने केसरिया झंडों के साथ गरबा कर बताया सनातन धर्म का महत्व

**मेघनगर . विश्व का सबसे मजबूत धर्म है सनातन धर्म, सनातन धर्म की पताका प्राचीन समय से लेकर अभी तक प्रसांगिक और सर्वमान्य है हिन्दू धर्म का केसरिया रँग जहाँ भारत की आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है वही लोगों की आस्था का केंद्र भी हैं।**

इसी को लेकर फुटतालाब में नवरात्रि महोत्सव में इंदौर और बड़ौदा के कलाकारों ने केसरिया ध्वज लेकर गरबा किया और उपस्थित लोगों को सनातन धर्म का महत्व बताया,धार्मिक नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से गरबो की प्रस्तुतियाँ प्रतिदिन श्रीगणेश पूजन के गरबो के साथ मनोहारी और जींवत दृश्यों को फुटतालाब की पावन धरा पर उकेर रही है भक्तिमय और माँ की पवित्र स्तुतियों से सजे गरबा पंडाल के केंद्र में चल रहे गरबो ने गुरुवार रात फुटतालाब में लोगो के कदमो को रोक दिया स गुजरात के अहमदाबाद बडौदा मध्य प्रदेश के इंदौर और झाबुआ जिले के गरबा समूहों द्वारा दी जा रही पारंपरिक और गुजराती गरबा प्रस्तुतियों दे रही हैं, जानकारी देते हुए आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य सुरेश चंद्र पूरणमल जैन ने बताया कि इस बार के नवरात्रि महोत्सव में भारत के सबसे बड़े गरबा गायक अपूर्व शाह भी अपनी प्रस्तुतियाँ देने के लिए पहुंचेंगे समिति के राजेश रिंकू जैन ने अधिक से अधिक लोगों से आयोजन में आकर धर्म लाभ लेने की अपील भी की है गुरुवार रात आरती करने के लिए विशेष रूप से थांदला के एसडीओपी नीरज नामदेव और जिले की परिवहन अधिकारी भी पहुँची । उन्होंने आयोजन की प्रशंसा कर आयोजन में व्यवस्थाओं को भी देखा स श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर चल रहे गरबा महोत्सव में विशेष रूप से प्रतिदिन प्रशासकीय अधिकारी भी परिवार के साथ पहुँच रहे हैं। वही जनप्रतिनिधि भी बडी संख्या में आयोजन को देखने के लिए आ रहे हैं।समिति के वरिष्ठ सदस्य समाज सेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन,राजेश रिंकू जैन और मंदिर के महंत दिलीपदास जी द्वारा सभी का अभिवादन और स्वागत भी किया जा रहा है ।

## बाड़कुआं में कन्या पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**झाबुआ। शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर केशव इंटरनेशनल स्कूल, बाड़कुआं में 26 सितंबए शुक्रवार को भव्य कन्या पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।**

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शारदा समूह संचालिका श्रीमती किरण शर्मा के स्वागत एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस अवसर पर उप.प्राचार्य जितेंद्र खतेड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया। पश्चात् प्राचार्या शालू जैन ने मुख्य अतिथि किरण शर्मा का विस्तृत जीवन परिचय प्रस्तुत किया और उनके द्वारा समाज एवं शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों और उपलब्धियों को रेखांकित किया। कन्या पूजन के पावन अवसर परसीनियर विद्यार्थियों ने प्राथमिक कक्षाओं की छात्राओं का पूजन कर नारी शक्ति का सम्मान किया। विशेष बात यह रहीं कि विद्यालय के ड्राइवर एवं क्लीनर भाइयों ने भी कन्या पूजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही विद्यालय द्वारा गोद लिए बाड़कुआं गांव से कन्याओं को भी आमंत्रित किया गया था। सभी कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार स्वरूप भेंट दी गई और स्नेहपूर्वक सम्मानित किया गया। छात्राओं ने नौ देवी स्वरूप वेश धारण किया। कार्यक्रम में शारदा समूह की सीईओ श्रीमती अंबिका टवली की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन शिक्षिका राजेश्वरी बुंदेला ने किया। शिक्षिका ज्योत्सना चौहान ने अतिथि किरण शर्मा के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी अनुभव साझा किए। वहीं छात्रा ऋषिका मंगरिया ने भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर किरण शर्मा का जीवन परिचय काव्यात्मक रूप में सबके सामने रखा। कला शिक्षक आशीष पांडे ने उनका एक सुंदर चित्र बना कर बधाई दी।

विद्यालय संचालिका श्रीमती किरण शर्मा का सम्मान विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। हॉल ही में उन्हें भारतीय स्त्री शक्ति संगठन का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। उनके सम्मान में विद्यालय परिवार ने सेवा कार्य भी कियाए जिसके अंतर्गत दिव्यांग केंद्र के बच्चों को ड्राइंग बुक्स और कलर्स वितरित किए। विद्यालय के बच्चों ने वहां समय बितायाए उनके साथ गरबा नृत्य किया और नवरात्रि की खुशियां साझा की। अपने उद्बोधन में किरण शर्मा ने कहा कि जीवन में जो भी लक्ष्य तय करेए उस पर विश्वास होना चाहिए। साथ ही अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु हैए अहंकार से केवल स्वयं का ही नुकसान होता है। सभी शिक्षकों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम का समापन हुआ।



## जिले में फसल कटाई प्रयोग का आयोजन किया जा रहा

**झाबुआ।** शासन निर्देशानुसार जिले में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फसल कटाई प्रयोग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रयोग का उद्देश्य निर्धारित फसलों की उत्पादकता का मूल्यांकन करना हैए ताकि किसानों को प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य कारणों से होने वाले उत्पादन नुकसान की स्थिति में फसल बीमा योजना एवं अन्य राहत योजनाओं के अंतर्गत किसानों को सटीक एवं पारदर्शी लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में फसल कटाई प्रयोग के लिए राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले के ग्राम के खेतों में कृषकों की उपस्थिति में प्रमुख फसलों की कटाई कर उपज का तोल.मापन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से प्राप्त आंकड़े संकलित कर शासन को भेजे जाएंगे।फसल कटाई प्रयोग किसानों के हितों की रक्षा एवं सटीक आंकड़े संकलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः जिला प्रशासन सभी किसानों से अपील करता है कि वे इस कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।




## पेटलावद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध गांजा कारोबार का खुलासा

**पेटलावद.** मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी सारंगी एवं थाना पेटलावद की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोटडा में एक घर पर दबिश दी गई। जहां सुखा कर रखा गया गांजा मिला। साथ ही आरोपी द्वारा गांजे की खेती भी की जा रही थी। इस पर से आरोपी नन्दु पिता नानुराम भूरिया ;उम्र 52 वर्षद्धए निवासी ग्राम कोटडा को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस् एक्ट में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

जांच के दौरान 25 किलो से भी अधिक 1,80,000 कीमत का गांजा जब्त किया गया।

### सराहनीय कार्य

थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक निर्भयसिंह भूरिया, उनि दीपक देवरे, उनि गोवर्धन मकवाना सहित समस्त पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

## त्यौहारों के सीजन में जागरूकता हेतु बाजार में डिवाइडरों पर लगाए जाएंगे फ्लेक्स



**झाबुआ।** सामाजिक महासंघ जिला इकाई द्वारा संपूर्ण जिलेभर में ष्हर घर स्वदेशीए घर.घर स्वदेशी् महाभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों और कॉलेजों में स्वदेशी सामग्रियों को अपनाने और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने हेतु पत्रकों का वितरण करने के साथ इसको लेकर स्कूल स्टॉफ एवं समस्त विद्यार्थियों को सामूहिक संकल्प भी दिलवाया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप अब लोगों का रुझान स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। नागरिक दैनिक दिनचर्या में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की ओर अग्रसर हो रहे है।

जानकारी देते हुए सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉण् नीरजसिंह राठौर एवं जिला महासचिव उमंग सक्सेना ने बताया कि इसी क्रम में करीब 40 फ्लेक्स सामाजिक महासंघ एवं नगरपालिका परिषद् द्वारा प्रकाशित करवाए गए है। जिसमें त्यौहारों के सीजन के दौरान आमजन से स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने और देश को मजबूत बनाने की अपील जारी की गई है। फ्लेक्स में स्वदेशी वस्तुओं के सुंदर स्लोगन होने के साथ त्यौहारों के दौरान लोगों को स्वदेशी वस्तु खरीदने हेतु प्रेरित भी किया गया है। यह फ्लेक्स शहर के मेघनगर नाका से लेकर सज्जन रोड़ पर छोटे तालाब के समीप तक लगाए जाएंगे। फ्लेक्स लगाने का कार्य झाबुआ युथ द्वारा किया जाएगा।

फ्लेक्स का विमोचन अतिथियों में सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौरए नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेष बिट्टू सिंगारए झाबुआ युथ के विनय वर्मा के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने मिलकर किया। इस अवसर पर सभी ने ष्भारत माता की जयए वंदे मातरम्ए जय स्वदेशी, हर घर स्वदेशीष् के सामूहिक जयघोष भी लगाएं। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेष बिट्टू सिंगार ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहन दे रहे हैए ऐसे में सामाजिक महासंघ की भी यह सामूहिक पहल जिले के लिए सार्थक साबित हो रहीं है। लोग अब स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने को तत्पर है। झाबुआ युथ के विनय वर्मा ने कहा कि युवा भी स्वदेशी वस्तुओं और देश को मजबूत बनाने की इस मुहीम में पूरी तरह साथ है। झाबुआ युथ के माध्यम से सभी को स्वदेशी सामग्रीयों के इस्तेमाल के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है।

**एक नजर** — तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री हनुमान चरित्र कथा में पधारने हेतु सांसद अनिता चौहान को दिया आमंत्रण

## श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल ने की सांसद से सौजन्य भेंट

**झाबुआ। श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल द्वारा आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री हनुमान चरित्र कथा का आयोजन स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर प्रतिदिन रात 8 से 11 बजे तक किया जाएगा। जिसमें श्री सारंगपुर धाम ;गुजरातद्ध के सुप्रसिद्ध संत एवं श्री स्वामीनारायण भगवान और श्री कष्टभंजनदेवजी के अनन्य भक्त डॉण् हरिप्रकाशदास स्वामीजी के मुखारविन्द से कथा का वाचन होगा। उक्त आयोजन का पूरे जिले में भव्य स्तर पर प्रचार.प्रसार एवं तैयारियों को लेकर सत्त बैठकों का दौर जारी है।**

इसी क्रम में श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय कथा की आमंत्रण.पत्रिकाओं का प्रकाशन पर जिलेभर में वितरण कार्य भी शुरू किया गया है। जिले की विभिन्न सामाजिकए धार्मिक संस्थाओं के साथ गणमान्यजनों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण.पत्र प्रदान कर कथा का श्रवण करने हेतु पधारने का भावभरा आग्रह किया जा रहा है। जिसके चलते 26 सितंबरए शुक्रवार दोपहर करीब 1ण्30 बजे आयोजन समिति के पदाधिकारी.सदस्यगणों ने ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित सांसद कार्यालय पर क्षेत्रीय सांसद अनिता नागरसिंह चौहान से सौजन्य भेंट की।



जिसमें उन्हें तीन दिवसीय जिला स्तरीय हनुमान चरित्र कथा एवं कथा में पधार रहे गुजरात के सुप्रसिद्ध संत डॉण् हरिप्रकाशदा स्वामीजी के जीवन परिचय से अवगत करवाते हुए कथा में पधारने हेतु भावभरा आमंत्रण दिया गया। सासंद से भेंट के दौरान समिति द्वारा उनका पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन भी किया गया।

### कथा में पधारने की स्वीकृति दी

इस दौरान विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि शैलेष दुबे भी उपस्थित रहे। भेंटवार्ता के दौरान सांसद श्रीमती चौहान ने कथा में पधारने की स्वीकृति प्रदान करने के साथ पूर्ण सहयोग हेतु भी आश्वस्त किया। इस अवसर पर श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल के पदाधिकारी.सदस्यों में वरिष्ठ राकेश झरबड़ेए सुशीलसिंह सिसोदियाए पवनेन्द्रसिंह चौहानए श्यामसुंदर शर्माए सुभाष गिधवानीए तरुण बैरागीए पियूष पटेल आदि उपस्थित रहे।